## संक्षिप्त

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को

**जयपुर।** खण्डेलवाल डवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन एवं स्वर्गीय रमेश चंद जी माचीवाल दौसा वाले की स्मृति में माचीवाल परिवार के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 15 मार्च 2026 रविवार को राजस्थान ब्राहम्ण महासभा एस-1 सेक्टर 4 विद्याधर नगर जयपुर में प्रात 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक सचिव कमल बडाया ने बताया कि मेडिकल कैंप में ईको, टीएमटी, ब्लड शूगर, पीएफटी, बीएमडी, बीपी, लिपिड प्रोफाईल, ईसीजी की निशुल्क जांचे की जायेगी।

### ब्याई माता का लख्खी मेला आज

**लालसोट।** क्षेत्र के डिगो गांव की पहाड़ियों की तलहटी में स्थित ब्याई माता धाम पर बुधवार को आस्था का विशाल सैलाब उमड़ेगा। शीतलाष्टमी के अवसर पर श्रद्धालु घर-घर में बने ठंडे पकवानों का माता रानी को भोग लगाकर पूजा-अर्चना करेंगे। इसी के साथ प्रसिद्ध ब्याई माता का लख्खी मेला भी भरेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सुबह से ही माता के दरबार में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो जाएगी। श्रद्धालु पूड़ी, पकौड़ी और अन्य ठंडे व्यंजन का प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। मेले में धार्मिक आस्था के साथ पारंपरिक आयोजनों की भी धूम रहेगी। कुश्ती दंगल में पहलवान दमखम दिखाएंगे, वहीं नाल उठाने की प्रतियोगिता में युवाओं की ताकत का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा घुड़ दौड़ भी मेले का प्रमुख आकर्षण रहेगी। मेले को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### रोजगार शिविर का आयोजन

**कोटपूतली ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा कौशल नियोजन एवं उद्यिमता विभाग, कोटपूतली-बहरोड़ के संयुक्त तत्वावधान में 21 मार्च 2026, शनिवार को एक दिवसीय विशाल रोजगार शिविर (जॉब फेयर) का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर नारायणपुर स्थित नगरपालिका परिसर के रामलीला मंच पर प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक भंवर लाल ने बताया कि शिविर में क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और चयनित युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

### सावित्री बाई फुले का निर्वाण दिवस मनाया

**मनोहरपूर ।** आज भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले का निर्वाण दिवस पर नालंदा फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम किया गया। यादव महासभा नगर अध्यक्ष मनोहरपुर महेश जड़वाल ने बताया कि फुले दम्पत्ति ने शिक्षा के केंद्र खोलकर अपना सभी कुछ न्योछावर कर दिया। जड़वाल ने कहा कि महिला शिक्षा, वंचित वर्गों के उत्थान और समान अवसरों के लिए उनका क्रांतिकारी योगदान हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा के साथ तार्किक होना जरूरी है।ज़ब तक महिलाएं समाज सुधार की जिम्मेदारी नहीं लेगी तब तक बदलाव नहीं आ सकता।कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्त्ता हमीद खान,महेश जड़वाल राकेश सैनी बलराम जाट, रफीक भिस्ती, रामचंद्र सैनी, बनवारी यादव,विकास खटुमरिया राजेन्द्र फर्नीचर, राहुल सैनी व लीलाराम सोंकरिया इत्यादि उपस्थित रहे।सभी ने पुष्प अर्पित कर उनसे प्रेरणा लेकर समाज को नई दिशा देने की प्रतिज्ञा ली।

### साईकिलें पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 09 की 18 बालिकाओं को साईकिलें वितरित की गई। साईकिलें पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। अब उन्हें विद्यालय आने जाने में आसानी रहेगी। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जाता है। प्राचार्य भागीरथ सिंह मीणा, प्राचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया व प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव सहित स्टॉफ द्वारा बालक-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ देते हुये अच्छी पढ़ाई कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

# 'राजस्थान दिवस के उपलक्ष में चलने वाले कार्यक्रमों को आमजन से जोड़ते हुए भव्य बनाएं'

- जिलेभर में 15 से 19 मार्च तक जनजातीय गौरव दिवस, युवा शक्ति दिवस, विकसित रन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज सहित विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले में 15 से 19 मार्च तक चलने वाले राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में खैरथल सचिवालय पर अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को तैयारियों के साथ समारोह को भव्य बनाने एवं राजकीय कार्यालय और भवनों पर रोशनी करने के निर्देश दिये।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर तैयारियों को लेकर बैठक ली।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया समारोह का औपचारिक शुभारंभ 15 मार्च को राजस्थान को जाने क्विज के साथ होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में निबंध, भाषण एवं चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। जिला स्तरीय ओ.डी.ओ.पी. मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही विकसित रन का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के दूसरे दिन 16 मार्च को बेणेश्वर धाम, बांसवाड़ा में राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जायेगा, जहां जनसभा एवं प्रतिनिधिगणों के साथ संवाद, विकास कार्यों का शिलान्यास एवं जनजातीय कला एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है।

तीसरे दिन 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस के रूप में मनाया जायेगा, जहां जयपुर में राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में रोजगार मेले, विकास कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। साथ ही, इस दिन जिलें में राजस्थान को जाने क्विज का आयोजन होगा। इसी दिन सायं 5 बजे उद्योग विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों के साथ संवाद एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए एम्पलॉयमेंट लेटर हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम को भव्य एवं यादगार बनाने के निर्देश दिये जिससे कि आमजन विशेषकर युवाओं का परिचय प्रदेश की समृद्ध लोकसंगीत, नृत्य कला से हो सके।

बैठक के दौरान कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, पुलिस, राजीविका, कृषि, वन, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार को मिला संबल

**दौसा।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के तहत संचालित सहकारी दुर्घटना बीमा योजना पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक संबल साबित हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने दुर्घटना में मृत एक काश्तकार सदस्य की पत्नी को 10 लाख रुपए की बीमा सहायता राशि का लाभ प्रदान करते हुए चेक की प्रतिकृति सौंपी।

दौसा केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि खेड़ली ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के काश्तकार सदस्य सूरजपुरा तहसील के मीणा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय प्रभुदयाल मीना की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके उपरांत उनकी धर्मपत्नी मोटा देवी को सहकारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। जिला कलक्टर ने मोटा देवी को सहायता राशि की चेक प्रतिकृति देकर परिवार को संबल प्रदान किया।

# भंडारण में सहकारी एम-पैक्स गोदामों को मिले प्राथमिकता : आमेरा

**जयपुर।** निमोद -डीडवाना बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी सोसाइटी निमोद के विस्तार पटल ग्राम बांसा-निमोद में दो हजार टन और पाँच सो टन भंडारण क्षमता के दो सहकारी गोदाम का विधिवत पूजा अर्चना के साथ भव्य समारोह आयोजित कर लोकार्पण किया गय। समिति अध्यक्ष खेमाराम बुगलिया ने सभी अतिथियों को साफा बाँधकर माला पहनाकर स्वागत किया ।

गोदाम लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विधायक प्रत्याशी महेंद्र सिंह जोधा व विशिष्ट अतिथि सहकार पथ प्रेरक सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा रहे । कार्यक्रम के अन्य विशेष अतिथियों आमंत्रितों में में सुनील छापोला क्षेत्रिय निदेशक एनसीडीसी, मोहित चौधरी डीडीएम नाबार्ड, डा.हरिओम सिंह संयुक्त निदेशक कृषि, विकास शर्मा



सहकार पथ प्रेरक सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने निमोद सहकारी समिति के गोदाम का लोकार्पण किया ।

अभियंता जल भू संरक्षण, शिवजी लाल चोपड़ा अतिरिक्त रजिस्ट्रार, पीथदान चारण सहायक रजिस्ट्रार, पृथ्वीराज सिहाग इफको, अर्जुन सिंह कृषि वैज्ञानिक, निरीक्षक, सुरेश अग्रवाल मुख्य प्रबंधक नागौर सीसीबी, अधिशासी अधिकारी बैंक, भुवनेश्वर प्रसाद, खेमाराम बुगालिया समिति अध्यक्ष, सुभाष आर्य समिति मुख्य सलाहकार , झाबर मल भार्गव व्यवस्थापक, जिला परिषद सदस्य, सरपंच, पूर्व समिति अध्यक्ष, संचालक मंडल , समिति सदस्य किसान, महिला समूह, ग्रामीण जन और कर्मियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह जोधा व विशिष्ट अतिथि सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के दो हजार टन और राज्य बजट घोषणा के पाँच सो टन सहकारी गोदाम की लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर गोदाम भवन का रिबन खोलकर लोकार्पण उद्घाटन किया गया । उन्होंने बताया कि सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानों की उपज ख़रीद करने और उपज को भंडारण के लिए गोदाम सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए काम कर रही है । निमोद के गोदाम नागौर ,डीडवाना ,कुचामन जिले के किसानों के लिए सौग़ात है । उन्होंने क्षेत्र में सहकारिता से किसानो के विकास और मजबूती के लिए सदैव मदद के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में 16 मार्च को पावटा में रैली

- सवर्ण समाज यूजीसी एक्ट वापस लेने व सवर्ण आयोग गठन करने की मांग को लेकर सौंपेगा ज्ञापन

**पावटा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए कानून के विरोध में पावटा में 16 मार्च सोमवार को सवर्ण समाज द्वारा रैली और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों ने पिछले दिनों बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है व समाजजनों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर भी प्रदर्शन को लेकर लगातार पोस्ट और संदेश साझा किए जा रहे हैं।

सवर्ण समाज से एडवोकेट विष्णु पटेल, सुरेश शर्मा, बलदेव गोयल, सवाई सिंह शेखावत, लक्ष्मीकांत शर्मा, योगेश शर्मा, रामशरण बोहरा, नरेंद्र गौड , दीपक पटेल, विकास शर्मा, रतिपाल सिंह, नरेंद्र हुसडा,



समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों ने बैठक की।

पंकज जिंदल, अमित पंसारी के अनुसार रैली 16 मार्च आदर्श रामलीला मैदान पावटा से सुबह 10 बजे से शुरू होगी। यहां से रैली मुख्य मार्गो व बाजारों से होते हुए उपखंड कार्यालय पावटा पहुंचेगी।

इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा व ज्ञापन में यूजीसी एक्ट वापस लेने व सवर्ण आयोग गठन करने की मांग की जायेगी।

आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। सवर्ण समाज के लोगो का कहना है कि यूजीसी का नया कानून छात्रों के हित में नहीं है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

समाज जनों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस कानून पर रोक लगाए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस कानून से सामान्य वर्ग के छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और प्रतिस्पर्धा की स्थिति प्रभावित होगी। इसी मांग को लेकर रैली और ज्ञापन कार्यक्रम रखा गया है।

# क्या अलवर नगर निगम ले रही है शमशान में जलने वाली चिता से कमीशन

- श्मशान पर अवैध टाल मालिक बता रहा है निगम का ठेकेदार
- पोल खुलने पर उपायुक्त ने कहा हमारा कोई ठेकेदार नहीं जांच करेंगे

**अलवर ।** अलवर नगर निगम के अधिकारियों की लूट से अब श्मशान भी सुरक्षित नही रहे है यहां मुर्दे की चिता पर भी निगम के अधिकारियों को कमीशन तय किया जा रहा है यह कहना है प्रताप बंध स्थित श्मशान घाट पर स्थित लकडी विक्रेता का क्योकि वह अपने को नगर परिषद से अधिकृत ठेकेदार बता कर महंगे दाम पर लकड़ी बेच रहा है।

मंगलवार को लादिया मोहल्ला के रहने वाले घनश्याम जादौन के भाई का निधन हो गया था उनके अंतिम संस्कार के लिए लकडी खरीदने के लिए अशोका टाकीज स्थित लकडी की टाल पर जब लोग पहुंचे तो टाल वाले ने यह कह दिया कि भाई लकडी आप ले लो लेकिन श्मशान में नगर निगम के ठेकेदार की टाल है वह आपको वहा लकडी नही ले जाने देगा इसलिए आप वही से खरीद करो जब वहा से लकड़ी खरीदी गई तो लड़कियां पूरी तरह से गीली थी जिस कारण करीब दो घंटे तक चिता ने आग नही पकडी आखिर में जब परेशान होकर लोगों ने चार किलो देषी घी और दस किलो चीनी चिता में डाली लेकिन चिता नही जल पाई।

परेशान होकर कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद गोरी शंकर विजय ने इसकी शिकायत अलवर नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका को फोन कर बताई कि आपकी अधिकृत टाल पर इतनी गीली लकड़ी और बाजार से सात सौ रुपये अधिक दाम पर बेची जा रही है लोग परेशान होते है आप इस पर ध्यान देवे और चिता की वीडियों भी डाली इस पर उपायुक्त नरूका ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हमारा कोई अधिकृत ठेकेदार नही है अगर ऐसा है तो हम उसकी टाल को खाली करवाते है।

नरूका से बात होने के बाद जब टाल मालिक से फोन पर बात की तो उसने अपने को अधिकृत ठेकेदार बताया वही वहा कार्यरत उसके कर्मचारी ने कहा कि साहब हम प्रत्येक चिता की लकड़ी खरीद पर निगम को पांच सौ रुपये का कमीशन देते है।

# गर्मियों में पक्षियों के लिए लगाए जाएंगे 20 हजार परिंडे

- निराश्रित पशुओं की सुरक्षा के लिए चलेगा अभियान

**दौसा।** अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गर्मी के मौसम को देखते हुए जिलेभर में पक्षियों के लिए अगले सप्ताह से बड़े स्तर पर परिंडे लगाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विगत बैठक के निर्णयों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बिंदुवार एजेंडा पर चर्चा की। उन्होंने विभिन्न विभागों को पक्षियों के संरक्षण के लिए विभागवार परिंडे लगाने के लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से जिले में करीब 20 हजार परिंडे लगाने तथा उनमें प्रतिदिन पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कर्मचारियों को पाबंद करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गर्मियों में पशुओं के लिए भी पानी की समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परिवहन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं



जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविन्द शर्मा ने निर्देश दिए ।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सड़क किनारे घूमने वाले निराश्रित गोवंश पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए, ताकि रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाएं नहीं हो और पशुओं की हानि को रोका जा सके।

पशु एम्बुलेंस की उपलब्धता नहीं होने तथा दुर्घटनाग्रस्त व बीमार गोवंश को उपचार के लिए ले जाते समय पशु चिकित्सालय की पर्ची के आधार पर टोल से मुक्त नहीं करने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि घायल पशुओं को तत्काल निकटतम पशु चिकित्सालय में उपचार उपलब्ध कराकर गौशालाओं में शिफ्ट किया जाए। बैठक में नगर परिषद, नगरपालिकाओं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परिवहन विभाग एवं पशुपालन विभाग को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने तथा निराश्रित गोवंश को नंदीशाला बीड, दौसा में आश्रय के लिए भिजवाने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद दौसा को आसपास के क्षेत्रों से घायल एवं बीमार गोवंश का उपचार कराकर उन्हें गौशाला एवं नंदीशाला में भेजने तथा पशुपालन विभाग को पात्र गौशालाओं के गोवंश को बाहर नहीं छोड़ने के लिए गौशाला प्रबंधकों को निर्देशित करने को कहा गया।

बैठक में पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक प्रहलाद मीणा, उप निदेशक राधेश्याम मीणा, डॉ. राकेश चौधरी, परिवहन विभाग के अधिकारी संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य अवधेश कुमार अवस्थी एवं गौसेवक सुशील शर्मा उपस्थित रहे।

### ग्रामीण श्री अन्नपूर्णा रसोइयों का निरीक्षण

**पावटा।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के निर्देशन में उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने मंगलवार शाम ग्राम पंचायत भूरी भडाज एवं ग्राम पंचायत पंडितपुरा में संचालित ग्रामीण श्री अन्नपूर्णा रसोइयों का औचक निरीक्षण किया।

शाम करीब 6 बजे किए गए निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी डॉ . साधना शर्मा ने रसोइयों में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने स्वयं भोजन को टेस्ट कर उसकी गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण स्तर की जांच की। निरीक्षण में रसोई व्यवस्थाओं, साफ-सफाई तथा भोजन वितरण व्यवस्था को भी देखा गया। निरीक्षण के बाद उपखंड अधिकारी डॉ.साधना शर्मा ने विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण अन्नपूर्णा रसोइयों में आमजन को मिलने वाला भोजन स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए तथा व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सार-समाचार

### सावित्रीबाई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**फुलेरा।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की 129वीं पुण्यतिथि पर फुलेरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। माली सैनी समाज संस्थान और सावित्रीबाई फुले संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बिचुन रोड स्थित सावित्रीबाई फुले सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों सहित अन्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की अध्यक्षा अंजू सैनी ने की। इस अवसर पर तेजकरण सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विपरीत परिस्थितियों में भी महिलाओं की शिक्षा के लिए ऐतिहासिक कार्य किया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा है। मुख्य वक्ता सुनीता सैनी ने कहा कि उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा और समानता का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम में पूजा भाटी, शेष नारायण सैनी, विनोद कुमार प्रजापति, मूलचंद गरवा, गौरीशंकर प्रजापत, पिंटू गढ़वाल, अजय सैनी, राकेश सैनी, अक्षय कुमार, संतोष, माधुरी सैनी, ललिता शर्मा, दुर्गा देवी, दीक्षा कुमावत, निलेश, मनीष कुमार, गीता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

**निवाई।** राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ प्राचार्य प्रो. मीनाक्षी बघेल की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य वक्ता डीवाईएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने युवाओं पर नशे का दुष्प्रभाव विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करती है, बल्कि इसके कारण अनमोल मानव जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे का आदी होने के बाद व्यक्ति अक्सर अपराध की दुनिया में कदम रख देता है, इसलिए युवाओं को स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार को भी इस लत से दूर रखकर जीवन के वास्तविक मूल्य को समझना चाहिए। उन्होंने साइबर क्राइम पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनसे बचने के प्रभावी उपाय भी बताए। कार्यक्रम के अंत में पुलिस प्रशासन के प्रति सहयोगात्मक भावना रखने वाले विद्यार्थियों के नाम पुलिस मित्र स्वयंसेवकों के रूप में दर्ज किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रूपा चौधरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग किया। इस दौरान नई किरण नशा मुक्ति केंद्र योजना के नोडल प्रभारी राजेशकुमार मीणा ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गांव पराना से सिरस तक क्षतिग्रस्त हुआ सडक़ मार्ग

**सिरस।** गांव पराना से सिरस तक सडक़ मार्ग क्षितग्रस्त हो गया। जिससे वाहन चालकों को दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष श्यामलाल योगी, राकेश योगी, शिवजीलाल जाट, बजरंगलाल प्रजापत व शिवचरण योगी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि पराना से सिरस तक सडक़ मार्ग क्षितग्रस्त होने के साथ ही सडक़ उखडऩे से जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए। जिससे वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। सडक़ की मरम्मत करवाने के लिए करीब 8 माह पहले भी ग्रामीणों ने पराना राजीव गांधी सेवा केंद्र पर धरने प्रदर्शन करके सडक़ मरम्मत करवाने की मांग की थी। प्रशासन मौके पर पहुंचकर समस्या का अवलोकन कर सडक़ को सुधरवाने का आश्वासन दिया था। 8 महीने बाद भी सडक़ की हालत जैसी की जैसी बनी हुई है। वजीराबाद से सिरस तक भी सडक़ कई जगह से टूटी हुई है। सडक़ जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पराना से सिरस तक नवीन डामरीकरण करवाने की मांग की है।

### मुख्यमंत्री के सम्भावित दौरे को देखते हुए अधिकारियों ने लिया जायजा

**भरतपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सम्भावित दौरे को देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए सभा स्थल, हेलीपैड एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए स्थान चिन्हित किये। अधिकारियों ने पुलिस परेड ग्राउण्ड में सभा स्थल तथा एमएसजे कॉलेज मैदान में हेलीपैड के लिए स्थान देखकर संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को सभा स्थल पर छाया-पानी, योजनाओं के प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाने, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सभास्थल पर लाने ले जाने तथा बैठक व्यवस्था के संबन्ध में विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री के 18 मार्च को भरतपुर में आने का कार्यक्रम संभावित है, किसान-पशुपालन सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद के साथ विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। निरीक्षण के दौरान आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, सीईओं जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र कुमार, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### टीबी मुक्त कार्यशाला आयोजित

**टोंक।** टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को राजकीय बीएससी नर्सिंग महाविद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला क्षय निवारण केंद्र की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारियों को टीबी उन्मूलन की बारीकियों और नवीनतम उपचार प्रोटोकॉल का गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने कार्यशाला में टीबी के विभिन्न प्रकारों और उनके उपचार पर तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होने बताया कि सामान्य टीबी (डीएस टीबी) का उपचार पूरी तरह संभव है, बशर्ते दवा का कोर्स बिना किसी रुकावट के पूरा किया जाए। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए डॉ. मित्तल ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में टीबी की पुष्टि होती है, तो उसके परिवार और संपर्क में आए सभी व्यक्तियों की जांच अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही रोग को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में सीबीनाट और ट्रूनाट जैसी अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं, जो सामान्य बलगम जांच की तुलना में कहीं अधिक सटीक और त्वरित परिणाम देती हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में डीपीसी मसर्रत मियां का विशेष सहयोग रहा। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रदीप चौधरी ने जिला क्षय निवारण केंद्र की इस पहल की सराहना की।

### बैठक आयोजित

**दौसा।** जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सहकारी क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने तथा सहकारिता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान पैक्स विहीन ग्राम पंचायतों में नई पैक्स के गठन की कार्रवाई करने, एनसीडी पोर्टल पर एम-पैक्स से संबंधित डाटा अपलोड करने तथा ग्राम सेवा सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए उनके कंप्यूटरीकरण पर चर्चा की गई। इसके साथ ही डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण, उनके पंजीकरण एवं गठन की प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने पैक्स को उर्वरक वितरण केंद्र के रूप में विकसित करने, सभी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अस्पतालों में सहकारिता की आरजीएचएस योजना के अंतर्गत मेडिकल दुकानें खोलने के लिए भूमि चिन्हित कर दुकानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।